प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक-23 सितम्बर, 2016**

विषय- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-1 के अन्तर्गत प्रशासनिक फण्ड मद में भारत सरकार द्वारा अवमुक्त केन्द्रांश रू0 705.00 लाख तथा राज्यांश रू0 470.00 लाख अर्थात् कुल रू0 1175.00 लाख की धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2284/एफ-32/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2016-17, दिनांक-14.09.2016, पत्रांक-2285/एफ-32/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2016-17, दिनांक-14.09.2016 के क्रम में पत्र संख्या-2293/एफ-32/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2016-17, दिनांक- 16.09.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-1 के अन्तर्गत प्रशासनिक फण्ड मद में भारत सरकार के पत्र संख्या-पी-17024/26/2006-आर0सी0 (पार्ट) (वैल्यूम-1) (एफ0टी0एस0नं0-339266), दिनांक-12.09.2016 के माध्यम से अवमुक्त केन्द्रांश रू0 7,05,00,000.00 (रूपये सात करोड़ पाँच लाख मात्र) तथा 40 प्रतिशत मैचिंग राज्यांश रू0 4,70,00,000.00 (रूपये चार करोड़ सत्तर लाख मात्र) अर्थात् कुल (7,05,00,000.00+4,70,00,000.00 =11,75,00,000.00) रू0 11,75,00,000.00 (रूपये ग्यारह करोड़ पचहत्तर लाख मात्र) को पीएमजीएसवाई-1 में कोई भी धनराशि अवशेष न होने के दृष्टिगत पीएमजीएसवाई-2 से संलग्न बी0एम0-9 प्रपत्र के अनुसार पुनर्विनियोग के माध्यम से आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

(1)- धनराशि जिन मदो के लिये स्वीकृत की जा रही है, व्यय उसी मदों में किया जायेगा, अन्य मदों में व्यय कदापि न किया जायेगा।

(2)- स्वीकृत धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार फेजिंग करते हुये किया जायेगा। किसी मद में कोई धनराशि शेष बचती है, तो उसे शासन को समर्पित किया जायेगा।

(3)- व्यय धनराशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार/शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4)- स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक-22.03.2016 द्वारा निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों तथा योजनान्तर्गत भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन स्वीकृत की जा रही धनराशि के व्यय करने से पूर्व कड़ाई से सुनिश्चित किया जायेगा।

(5)- उक्त धनराशि को एक मुश्त आहरित कर उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के नाम से स्टैट बैंक, जवाहर भवन लखनऊ में खुले बचत खाता संख्या-10616665816 में तत्काल जमा किया जायेगा।

-2/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-2-902-दस/2016, दिनांक-23 सितम्बर, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

सुरेश कुमार पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या-54/2016/पी-703 (1)/अड़तीस-9-2016, तद दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन नई दिल्ली।
3- निदेशक (ग्रामीण सम्पर्कता), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली।
4- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 ग्रामीण सडक विकास अभिकरण, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-2/वित्त (आय-व्ययक)/अनुभाग-1
8- ग्राम्य विकास अनुभाग-3
9- गार्डबुक।

आज्ञा से,

सुरेश कुमार पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।